दिन— शनिवार दिनांक— 25 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट—ट्रैक अदालत बनाने और कड़ी सज़ा के लिए एक मसौदा विधेयक को मंज़ूरी दी।

02. विभिन्न छात्र संगठनों के बिहार बंद को देखते हुए पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गयी। पटना में अर्धसैनिक बलों की चौदह कंपनियां तैनात।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सौ दिन पूरे। मुख्यमंत्री आज राज्यवासियों को विभिन्न विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।

04. और, नालंदा के झंडू कुमार ने ग्लास्गो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को पहला पदक दिलाया। पैरा पावरलिफ्टिंग में कांस्य पदक जीता।

————————————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट—ट्रैक अदालत बनाने और कड़ी सज़ा के लिए एक मसौदा विधेयक को मंज़ूरी दे दी है। संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इसे मंज़ूरी दी गई। इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने की संभावना है।

————————————————

इस बीच, केन्द्र सरकार ने पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के सैंतालीस अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक इनमें से कुछ अधिकारियों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर जारी अपने वीडियो पर मिली प्रतिक्रिया और सुझावों के लिए देश के युवाओं को धन्यवाद दिया है। एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने युवाओं के जबरदस्त समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

———साउंड बाईट———

गौरतलब है कि श्री मोदी ने एक वीडियो संदेश में पेपर लीक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के प्रावधानों वाला विधेयक संसद में पेश करने की घोषणा की थी। इस वीडियो को अब तक तीस करोड़ तीस लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। यह अपने पहले चौबीस घंटों में सबसे अधिक देखा जाने वाला वीडियो है।

————————————————

विभिन्न छात्र संगठनों की ओर से आयोजित बिहार बंद को देखते हुए पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बिहार बंद को राजद समेत कई विपक्षी दलों ने

भी अपना समर्थन दिया है। हमारी संवाददाता ने बताया कि संवेदनशील स्थानों, रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और सरकारी प्रतिष्ठानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और क्विक रिस्पांस टीम तैनात की गई है।

---साउंड बाईट---

राजधानी पटना में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अर्धसैनिक बलों की चौदह कंपनियां तैनात की गई हैं। इसके साथ ही तीन सौ पीटीसी जवान और पांच सौ अतिरिक्त होमगार्ड की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। इधर, राज्य सरकार ने मुजफ्फरपुर नगर–एक और नगर–दो पुलिस अनुमंडल में विधि व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रहने के चलते सोशल मीडिया सेवाओं पर प्रतिबंध को कल देर रात बहाल कर दिया है। सरकार ने जिले में चिन्हित स्थानों पर अफवाहों और भड़काऊ संदेशों के प्रसार की आशंका को देखते हुए चौबीस जुलाई से छब्बीस जुलाई के सुबह दस बजे तक इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया था।

सविता पारीक, आकाशवाणी समाचार, पटना।

---

पटना में पेपर लीक को लेकर छात्र संगठनों के प्रदर्शन के दौरान उपद्रव के मामले में पुलिस ने पालीगंज से भाकपा (माले) विधायक संदीप सौरभ और आइसा के चार छात्र नेताओं सहित उन्नीस आरोपितों को गिरफ्तार किया है। विधायक संदीप सौरभ को उनके सरकारी आवास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पटना विश्वविद्यालय समेत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के चौबीस हॉस्टल और लॉज में छापेमारी की। इस दौरान तैंतालीस लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से पूछताछ के बाद चौबीस को छोड़ दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में तीन छात्राएं भी हैं।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सौ दिन पूरे हो गये हैं। इस अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राज्यवासियों को विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

---साउंड बाईट---

पटना के ज्ञान भवन परिसर स्थित बापू सभागार में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राज्यभर में 11 हजार 464 करोड़ रुपये की लागत की दो हजार 476 विकास योजनाओं का शिलान्यास तथा उद्‌घाटन करेंगे। इन योजनाओं से राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, उद्योग, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और रोजगार के क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव सहित मंत्रिपरिषद के सदस्य, विधायक, विधान पार्षद और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

वहीं, एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पटना के लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में दो सौ पच्चीस करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक भवन का भी उद्‌घाटन करेंगे। छह मंजिला इस भवन में आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, रेडियोलॉजी, ट्रॉमा और आपातकालीन सेवाओं सहित कई उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

———————————————————————

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि केंद्र सरकार बिहार में उद्योगों के विकास, निवेश संवर्धन और आवश्यक सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। वे पटना में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री दुबे ने उद्योग जगत से सरकार के साथ साझेदारी में आगे आकर नए निवेश और रोजगार के अवसर सृजित करने का आह्वान किया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत जारी रुपे कार्ड के इस्तेमाल में बिहार देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय स्तर पर रुपे कार्ड के कुल उपयोग में बिहार की हिस्सेदारी लगभग ग्यारह प्रतिशत दर्ज की गई है, जो डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में राज्य की तेज़ प्रगति को दर्शाती है।

———————————————————————

डाक विभाग ने व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बिहार परिमंडल में अंतरराज्यीय लॉजिस्टिक्स सेवा शुरू की है। नई सेवा के तहत देश के विभिन्न राज्यों के बीच पार्सल और व्यावसायिक सामान की तेज़ और भरोसेमंद ढुलाई की सुविधा मिलेगी। बिहार सर्किल की निदेशक डाक सेवाएं प्रियंका जैन ने कहा कि इससे छोटे और मध्यम कारोबारियों को कम लागत पर समयबद्ध परिवहन का विकल्प उपलब्ध होगा।

———————————————————————

ग्लास्गो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने अपना पहला पदक जीत लिया है। पैरा पावरलिफ्टिंग की पुरुष हैवीवेट स्पर्धा में झंडू कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नालंदा के रहने वाले झंडू कुमार ने एक सौ नब्बे किलोग्राम भार उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने एक सौ छियानवे किलोग्राम का रिकॉर्ड प्रयास भी किया, लेकिन उसे पूरा नहीं कर सके। पोलियो और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। अपनी उपलब्धि पर झंडू कुमार ने कहा कि वे भारत के लिए पदक जीत कर काफी खुश है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भोजपुर के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में मृतक के परिजनों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने परिवार को न्याय का भरोसा दिलाते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। इधर, इस मामले में जगदीशपुर के अनुमंडलाधिकारी संजीत

कुमार और पूर्व पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार शर्मा को उनके पद से हटा दिया गया है। भरत तिवारी मुठभेड़ मामले में दोनों अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगे थे।

———————————————————————

बिहार कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर बी. राजेंदर को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। वहीं, बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी देवेश सेहरा को वित्तीय सेवाएं विभाग में संयुक्त सचिव तथा कुलदीप नारायण को नीति आयोग में सलाहकार नियुक्त किया गया है।

———————————————————————

बिहार में नेपाल मूल की विवाहित महिलाओं का पंचायतवार डेटा तैयार किया जाएगा। भारत–नेपाल सीमा से सटे जिलों में गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बूथ लेवल अधिकारी घर–घर जाकर नेपाल से विवाह कर बिहार में रहने वाली महिलाओं की नागरिकता और पहचान संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। सत्यापित जानकारी संकलित कर जिला प्रशासन के माध्यम से गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य सीमा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का अद्यतन और प्रमाणित रिकॉर्ड तैयार करना तथा नागरिकता संबंधी अभिलेखों को व्यवस्थित करना है।

———————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना, वैशाली, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, सीतामढ़ी और दरभंगा समेत कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

खगड़िया जिले के चौथम प्रखंड स्थित कन्या मध्य विद्यालय, भूतौली में मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने के मामले में प्रधानाध्यापिका संजुला कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, स्कूल की चारों रसोइयों की सेवा समाप्त कर दी गई है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————

पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम ने एक ट्रक और पिकअप वैन से एक सौ पचपन कार्टन शराब बरामद की है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग चौदह लाख रुपये बताई गई है। वहीं, जिले के पुनपुन स्थित केवड़ा ओपी के पास एसटीएफ ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक पिस्तौल, बारह कारतूस, राइफल के बत्तीस बैरल, अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

———————————————————

गया जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गोदाम में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स और जिला औषधि विभाग की टीम ने छापेमारी कर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की नकली दवाएं बरामद की है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पेपर लीक को लेकर हुई कार्रवाई से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सरकार ने नीट को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के सैंतालीस अधिकारियों को बर्खास्त किया।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पेपर लीक विरोध प्रदर्शन के मामले में माले विधायक गिरफ्तार। आज बिहार बंद, आठ उपद्रवियों पर इनाम घोषित।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पेपर लीक संशोधन बिल कैबिनेट में मंजूर। दस वर्ष की जेल, दस करोड़ जुर्माने का प्रावधान, तीन माह में निपटेगा केस।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– नेपाल राष्ट्र बैंक ने बदला नियम। नेपाल में अब दो सौ और पांच सौ के भारतीय नोट ले जा सकेंगे।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– जहानाबाद फायरिंग पर सदन में जोरदार हंगामा।

आज अखबार लिखता है– बिहार विधानमंडल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित। इक्कीस विधेयक पारित, एक हजार अड़तीस प्रश्नों पर हुई चर्चा।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट–ट्रैक अदालत बनाने और कड़ी सज़ा के लिए एक मसौदा विधेयक को मंजूरी दी।

02. विभिन्न छात्र संगठनों के बिहार बंद को देखते हुए पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गयी। पटना में अर्धसैनिक बलों की चौदह कंपनियां तैनात।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सौ दिन पूरे। मुख्यमंत्री आज राज्यवासियों को विभिन्न विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।

04. और, नालंदा के झंडू कुमार ने ग्लास्गो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को पहला पदक दिलाया। पैरा पावरलिफ्टिंग में कांस्य पदक जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।